'वैब डिवैल्पमैंट यूजिंग एच.टी.एम.एस. एंड सी.एस.एस.' विषय पर हुई वर्कशाप

रिसोर्सपर्सन्स को स्मृति चिन्ह भेंट करते डायरैक्टर डा. राजेश बग्गा। (दाएं) वर्कशाप में मौजूद स्टूडैंट्स। (ठाकुर)

'अपलोडिंग वैबसाइट ऑन सर्वर', 'होस्टिंग यूजिंग सी पैनल' पर डाला प्रकाश

जालंधर, 19 दिसम्बर (विनीत): ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग टैक्नीकल कैंपस, रामा मंडी में 'वैब डिवैल्पमैंट यूजिंग एच.टी.एम.एल. एंड सी.एस.एस.' के तहत वर्कशाप का आयोजन किया गया, जिसमें जीकर्स टैक्नोलॉजी के प्रोजैक्ट मैनेजर गौरव शर्मा व वैब डिवैल्पर श्री नवनीश रिसोर्स पर्सन के रूप में पधारे।

उन्होंने स्टूडैंट्स को वैब डिवैल्पमैंट स्किल्स के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें वैब आर्किटैक्चर की जानकारी दी तथा वैब डिजाइनिंग व डिवैल्पमैंट की विभिन्न तकनीकों के साथ ही रोल ऑफ एच.टी.एम.एल. एंड सी.एस.एस., क्रिएटिंग ए डिजाइन फॉर वैबसाइट, अपलोडिंग वैबसाइट ऑन सर्वर, होस्टिंग यूजिंग सी पैनल, एप्लीकेशन एंड इंस्टालेशन ऑफ वर्ल्ड प्रैस विषय पर भी प्रकाश डाला। इंस्टीच्यूट के डायरैक्टर डा. राजेश बग्गा ने रिसोर्स पर्सन्स का आभार व्यक्त करते हुए स्टूडैंट्स को प्राप्त जानकारी से लाभान्वित होने की प्रेरणा दी।